# DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR

*SESSION :2021-22*

*SUBJECT:HINDI*

*CLASS :III*

*Term 1 & 2*

* *WORKSHEET*

* *SUBJECT ENRICHMENT ACTIVITY(SEA)*

* *ART INTEGRATED LEARNING (AIL)*

* *REVISION of PT-1 & PT-2*

* *QUESTION BANK*




<u>**WORKSHEET- I**</u>

इस चित्र में सुंदर रंग भरकर उसके बारे में पाँच वाक्य लिखिए| पाठ्यपुस्तक पृष्ठ संख्या **12** (5 अंक)



## WORKSHEET-II

अक्षरों को जोड़ कर दस नए सर्वनाम शब्द बनाइए| व्याकरण निपुण पृष्ठ संख्या **43** (5 अंक)



## S.E. ACTIVITY- I

गंगा नदी जिन-जिन राज्यों में बहती है, भारत के मानचित्र में उन राज्यों में रंग भरिए|

पाँच राज्य - (5) अंक

## S.E. ACTIVITY- II

ताजमहल का चित्र चिपकाकर उस पर पाँच वाक्य लिखिए|

चित्र - 1 अंक

वर्णन - 3 अंक

प्रस्तुतिकरण - 1 अंक

## ART INTEGRATED LEARNING

**AIL – 1**

मोर का चित्र बनाकर पाँच वाक्य लिखिए|

चित्र - 1 अंक

वर्णन - 4 अंक

**AIL – 2**

होली त्योहार का रंगीन चित्र बनाकर उसके बारे में पाँच वाक्य लिखिए|

चित्र - 1 अंक

वर्णन - 4 अंक

# Revision Sheet ( P.T. 1)

**प्रश्न-1 नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखिए :-**

(क) सदा

(ख) कष्ट

**प्रश्न-2 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) सूरज को कौन ढाँप लेता है?

(ख) हमें क्या प्रण लेना होगा?

**प्रश्न-3 नीचे दिए प्रश्नों के सही उत्तर ढूँढकर लिखिए :-**

(क) कई दिनों से खोया-खोया कौन था?

(1) सूरज (2) तारे (3) चाँद (4) आकाश

(ख) सूरज का नाम कौन लेते हैं?

(1) कवि (2) दोनों (3) कोविद (4) कोई नहीं

(ग) गंगा सफ़ाई परियोजना पर कितना धन व्यय हुआ?

1) 8करोड़ (2)2800करोड़ (3)1800करोड़ (4) 3800 करोड़

**प्रश्न-4 कोष्ठक में दिए गए अंकों से रिक्त स्थान भरिए:-**

(क) हिंदी में स्वरों की संख्या -------------- है| **(11,13,31,33)**

**प्रश्न-5 नीचे लिखे संयुक्त वर्णों के एक-एक शब्द लिखिए:-**

(क) क्ष -

(ख) श्र -

**प्रश्न-6** **नीचे लिखे संज्ञा शब्दों को छाँटकर सही स्थान पर लिखिए :-**

**( सीमा, गेंद, अहमदाबाद, महेश, बोतल)**

(क) व्यक्ति -

(ख) वस्तु -

(ग) स्थान -

**प्रश्न-7** **चित्र को देखकर 40 से 45 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए :-**



**प्रश्न-8** **अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

एक थी लोमड़ी-बड़ी चालाक| हमेशा इस ताक में रहती थी कि दूसरों को उल्लू कैसे बनाएँ| सारे जंगलवासी उससे परेशान रहते थे क्योंकि वह सबका खाना चुरा कर ले जाती थी| सभी जानवरों ने उसका नाम ही टेढ़ी रख दिया था|

(क) लोमड़ी कैसी थी?

(ख) लोमड़ी हमेशा किस ताक में रहती थी?

(ग) सारे जंगलवासी उससे परेशान क्यों रहते थे?

(घ) सभी जानवरों ने उसका नाम क्या रख दिया था?

(ड) समान अर्थ ढूँढकर लिखिए :-

चतुर

## QUESTION BANK

### खंड-क

**प्रश्न-1 नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखिए :-**

(क) कष्ट (ड) काया

(ख) सदा (च) गुलशन

(ग) कचरा (छ) सबक

(घ) शीघ्र (ज) मुलायम

(झ) रंगीन (ञ) प्रेम

**प्रश्न-2 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) सुबह होने पर भी कौन सोया है?

(ख) गंगा का प्रवाह कहाँ से कहाँ तक है?

(ग) अजय ने छोटी-छोटी मटकियों का प्रयोग किसलिए किया?

(घ) मोर किस चीज़ को चुराता है?

(ङ) ताजमहल किस नदी के किनारे पर स्थित है?

(च) ताजमहल किस पत्थर से बनाया गया है?

(छ) बाघ को देखकर उल्लू क्यों चिल्लाया?

(ज) उल्लू ने बाघ से क्या कहा?

(ञ) अजय के चेहरे पर खुशी क्यों थी?

(ट) दिवांग ने माँ से पैसे किसलिए माँगे?

(ठ) होली का त्योहार कैसे मनाना चाहिए?

**प्रश्न-3 नीचे दिए प्रश्नों के सही उत्तर ढूँढकर लिखिए :-**

(क) आकांक्षा किसके साथ ताजमहल देखने गई?

(1) मामा-मामी (2) दादी-दादा (3) माता-पिता (4) भाई-बहन

(ख) बाघ को सलाह किसने दी?

(1) उल्लू (2) भालू (3) कछुआ (4) किसी ने नहीं

(ग) मोर को इतनी सुंदरता किसने दी?

(1) गुलशन ने (2) ईश्वर ने (3) वाणी ने (4) राष्ट्र ने

(घ) सूरज का नाम कौन लेते हैं?

(1) कवि (2) दोनों (3) कोविद (4) इनमें से कोई नहीं

(ङ) अजय ने बम कहाँ रखा था?

(1)छत पर (2) जेब में (2) ज़मीन पर (4) अलमारी में

(च) गंगा कौन-से पर्वत से निकलती है?

(1) हिमालय से (2) अरावली से (3) विंध्याचल से (4) मैनाक से

(छ) दिवांग पर रंग किसने डाला?

(1) गोपाल ने (2) बस्सी ने (3) जतिन ने(4) सभी ने

(ज) त्योहार कैसे मनाना चाहिए?

(1) प्रेम से (2) इर्ष्या से (3) आडंबर से (4) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-4 नीचे दिए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

(क) ढाँप

(ख) विजय

(ग) पावनी

(घ) प्रिय

(ङ) सबक

(च) सदा

(छ) काया

(ज) उद्यान

(झ) शरीर

(ञ) त्योहार

**प्रश्न-5**

**कविता की पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

कितना सुंदर लगता है
राष्ट्रीय पक्षी मोर,
देख-देख कर बच्चे इसको
खूब मचाएँ शोर|

ईश्वर ने कितनी सुंदर
दी है इसको काया,
नीलकमल के जैसा रंग
सबके मन को भाया |

(क) हमारा राष्ट्रीय पक्षी कौन-सा है?

(ख) मोर कैसा दिखता है?

(ग) मोर को देख कर कौन शोर मचाता है?

(घ) मोर को सुंदर काया किसने दी है?

(ड) मोर का रंग किसके जैसा है?

(च) पद्यांश में से कोई एक सर्वनाम शब्द ढूँढकर लिखिए|

**प्रश्न-6** **किसने कहा? किससे कहा? लिखिए :-**

(क) तो यह सब तुम्हारी शैतानी थी|

(ख) आओ! एक नया तमाशा करते हैं|

(ग) नहीं, ऐसा मत करना यह खेल खतरनाक साबित हो सकता है|

(घ) अब तुम्हें कुछ दिन तक इसी हालत में रहना होगा|

(ड) भागो दोस्त, भागो!

(च) खोल धूप में सूखकर सख्त हो गया है|

**प्रश्न-7** **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

किसी जंगल के तालाब में एक कछुआ रहता था| तालाब के किनारे बरगद के पेड़ पर रहने वाले उल्लू से उसकी दोस्ती हो गई| दोनों दोस्त घंटो गपशप करते| एक दिन दोनों दोस्त बातें कर रहे थे कि अचानक एक बाघ वहाँ आ पहुँचा| बाघ को देखकर उल्लू चिल्लाया, “भागो दोस्त, भागो!”कछुआ भागा पर अपनी धीमी चाल के कारण तालाब तक नहीं पहुँच सका| बाघ ने एक छलाँग लगाई और कछुए को पंजों से दबोच लिया| फिर मुँह में पकड़ लिया| परन्तु पूरा ज़ोर लगाने पर भी कछुए का खोल नहीं टूटा| उसने दाँतों और नाखूनों से कछुए को काटने की कोशिश की, पर कछुए के सख्त खोल पर एक भी खरोंच नहीं आई|

(क) जंगल के तालाब में कौन रहता था?

(ख) तालाब के किनारे किसका पेड़ था?

(ग) बरगद के पेड़ पर कौन रहता था?

(घ) दोनों दोस्त कितनी देर गपशप करते थे?

(ड) अचानक दोनों के पास कौन आ गया?

(च) कछुआ किस कारण तालाब तक नहीं पहुँच सका?

(छ) बाघ को देखकर कौन चिल्लाया?

(ज) बाघ ने किससे कछुए को काटने की कोशिश की?

(ञ) समानार्थी शब्द लिखिए :-

(1) मित्र (2) वन

**प्रश्न-8** **सही शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए:-**

**(तालाब, भीग, राष्ट्रीय, प्रिय, प्रदूषण, तालाब, फव्वारे, माँ, गपशप, दिमाग, धीमी, गलती, गोला)**

(क) गंगा को ------------ नदी घोषित कर दिया गया|

(ख) गंगा अब ----------------का पर्याय बनती जा रही है|

(ग) सुंदर उद्यान में पानी के ------------- भी चलते हैं|

(घ) दीपावली उसका सबसे -------------त्योहार था|

(ङ) दोनों दोस्त घंटों -------------करते|

(च) कछुआ---------- चाल के कारण तालाब तक नहीं पहुँच सका|

(छ) कछुआ तैरता हुआ ------------ में गायब हो गया|

(ज) दिवांग ------------- की बात समझ गया||

(झ) वे --------------- बनाकर खड़े हो गए|

(ञ) सभी रंग के पानी से ___________ गए|

**प्रश्न-9** **सही वाक्य पर✓सही तथा गलत पर× का निशान लगाइए:-**

(क) सूरज के आने से अंधेरा भाग जाता है| ---------

(ख) मोर का रंग नीला और काला होता है| --------

(ग) मोर सबके मन को दुःख पहुँचाता है| ---------

(घ) ताजमहल विश्व की प्रसिद्ध इमारत है| ----------

(ङ) रमा अमृतसर का स्वर्ण मंदिर देखने गई थी| -------

(च) दिवांग पिचकारी लेकर घर से बाहर निकला|-------

(छ) रंग तो गुब्बारों से ही सही डाला जाता है| -------

## खंड-ख

**प्रश्न-10** **नीचे दिए गए वाक्यों में सही अंकों से रिक्त स्थान भरिए :-**

(क) व्यंजनों में ड़ और ढ़ को जोड़ने पर इनकी संख्या ----------- हो जाती है| ( 33,35,34,37 )

(ख) संयुक्त वर्णों को जोड़ने पर हिन्दी वर्णमाला में वर्णों की संख्या ----------- हो जाती है| (33,42,48,52 )

(ग) नीचे लिखे संयुक्त वर्णों से बने दो-दो शब्द लिखिए :-

(घ) ज्ञ- --------------, -----------------

(ड) श्र- --------------, -----------------

**प्रश्न-12** नीचे लिखे संज्ञा शब्दों को छाँटकर सही स्थान पर लिखिए :-

**(कुतुबमीनार, थरमस, पुस्तक, अहमदाबाद, मुकेश, रीना)**

(क) व्यक्ति -

(ख) वस्तु -

(ग) स्थान -

**प्रश्न-13** **नीचे लिखे वाक्यों में लिंग परिवर्तन कर वाक्य दोबारा लिखिए :-**

(क) राजा बाग में टहल रहा है|

(ख) शेर दहाड़ रहा है|

(ग) मोर नाच रहा है|

(घ) भाई बाहर खेल रहा है|

(ड) दादा जी आए हैं|

**प्रश्न-14** **नीचे लिखे शब्दों के लिंग बदलिए :-**

(क) लड़का -

(ख) नाना -

(ग) नौकर -

(घ) बैल -

(ड) सेठ -

**प्रश्न-15** **नीचे लिखे शब्दों में से एकवचन और बहुवचन शब्द छाँटकर लिखिए :-**

**( पतंग, पत्ते, गेंद, चिड़ियाँ, कपड़ा, बोतलें )**

एकवचन -

बहुवचन -

**प्रश्न-16 सही शब्द लिखकर खाली स्थान भरिए :-**

(क) उसके पास तीन -------- हैं| ( लकड़ी / लकड़ियाँ )

(ख) उसका ---------- नया है| ( कपड़ा / कपड़े )

(ग) रीटा ने चार -------------- खरीदी| ( पुस्तकें / पुस्तक )

(घ) मोहन के पास दो ------------ हैं| ( बोतल / बोतलें )

**प्रश्न-17 नीचे लिखे सर्वनाम शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :-**

(क) हम

(ख) वह

(ग) तुम

(घ) यह

(ङ) अपना

(च) कोई

(छ) क्या

**प्रश्न-18 नीचे लिखे विशेषण और संज्ञा शब्दों के सही जोड़े मिलाइए :-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | काली | लड़का |
| (ख) | पवित्र | पर्वत |
| (ग) | समझदार | इमारत |
| (घ) | विशाल | मज़दूर |
| (ङ) | मेहनती | बिल्ली |
| (च) | ऊँची | नदी |

**<u>खंड-ग</u>**

**प्रश्न-19 किसी एक विषय पर 40 से 45 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :-**

(क) मेरा परिवार

(ख) मेरी माँ

(ग) मेरा मित्र

**प्रश्न-20 चित्र को देखकर 40 से 45 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए :-**



**प्रश्न-21 अपने जन्मिदन का निमंत्रण देते हुए मित्र या सहेली को पत्र लिखिए|**

**<u>खंड-घ</u>**

**प्रश्न-22 अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

हमें अपने आस-पास के वातावरण को साफ़ रखना चाहिए| हमें अपने बिस्तर को रोज़ झाड़ना चाहिए| मेज़ पर खाना खाने के तुरंत बाद मेज़ को साफ़ करना चाहिए ताकि वहाँ जूठन गिरा न रह जाए| समय पर घर की सफ़ेदी करानी चाहिए जिससे घर मज़बूत और सुंदर दिखता है| अपने आस-पास सफाई रखने से हम स्वस्थ रहेंगे|

(क) हमें अपने आस-पास के वातावरण को कैसा रखना चाहिए?

(ख) हमें किसे रोज़ झाड़ना चाहिए?

(ग) खाना खाने के तुरंत बाद मेज़ को क्यों साफ़ करना चाहिए?

(घ) सफ़ेदी कराने से घर कैसा दिखता है?

(ड) हम स्वस्थ कैसे रहेंगे?

(च) गद्यांश में से कोई एक सर्वनाम शब्द ढूँढकर लिखिए|

(छ) वाक्य पूरा कीजिए :-

अपने आस-पास ---------------------------------------- रहेंगे|

**प्रश्न-23 अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

रानी बिटिया चली घूमने
दिल्ली से आगे बढ़,
चलते-चलते, चलते-चलते
पहुँच गई चंडीगढ़|

चंडीगढ़ से जयपुर पहुँची
जयपुर से रामेश्वर,
रामेश्वर से चलते-चलते
लौट चली आई घर|

(क) रानी बिटिया कहाँ जा रही थी?

(ख) रानी बिटिया कहाँ से आगे बढ़ी?

(ग) रानी बिटिया चलते-चलते कहाँ पहुँच गई?

(घ) चंडीगढ़ से वह कहाँ पहुँची?

(ड) रामेश्वर से रानी बिटिया कहाँ लौट आई?

## Term-II

### WORKSHEET- III

**नीचे लिखे वाक्यों में कुछ सब्ज़ियों के नाम छिपे हैं, उन्हें ढूंढकर लिखिए-**

- **अब भागो भी, बारिश होने वाली है|**

**उत्तर ________________**

- **मामू लीला मौसी कहाँ है?**

**उत्तर _________________**

- **शीला के पास बैग नहीं है|**

**उत्तर __________________**

- **गंगा जरसी खरीद रही है|**

**उत्तर __________________**

- **गोपाल कबूतर उड़ा दो|**

**उत्तर __________________**

### WORKSHEET- IV

**रेखांकित शब्दों के स्थान पर उनके पर्यायवाची शब्द लिखकर कविता फिर से लिखिए -**

**नहीं <u>रवि</u> से कहता कोई** ________________________________________

**धूप यहाँ पर मत फैलाओ,**________________________________________

**कोई नहीं <u>शशि</u> से कहता** ________________________________________

**उठा चाँदनी को ले आओ|**________________________________________

**कोई नहीं <u>पवन</u> से कहता** ________________________________________

**खबरदार जो अंदर आई,**________________________________________

**<u>मेघ</u> से कहता कब कोई** ________________________________________

**क्यों <u>जल</u> की धारा यहाँ बरसाई|**________________________________________

## <u>S.E. ACTIVITY- III</u>

कोई 5 औषधीय गुण वाले पेड़ों के चित्र चिपकाकर उनके नाम लिखिए|

चित्र - 2 अंक

नाम - 2 अंक

प्रस्तुतिकरण - 1 अंक

## <u>S.E. ACTIVITY- IV</u>

भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक 'विक्रम साराभाई' का चित्र चिपकाकर 5 वाक्यों में अनुच्छेद लिखिए|

चित्र - 1 अंक

वर्णन - 4 अंक

## <u>ART INTEGRATED LEARNING</u>

**AIL – 3**

**पिता का फोटो चिपकाकर उनसे मिलने वाली चार सीख लिखिए|**

चित्र - 1 अंक

वर्णन - 4 अंक

**AIL – 4**

**किन्हीं दो योगासन के चित्र चिपकाकर दो से तीन वाक्य लिखिए|**

चित्र - 2 अंक

वर्णन - 3 अंक

# Revision Sheet ( P.T-2)

**प्रश्न-1 नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिख कर वाक्य बनाइए :-**

(क) दुबला

(ख) भयभीत

(ग) अनुभव

**प्रश्न-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) सर्दी क्या पहनकर आई?

(ख) किशन ने अंत में शेर के साथ क्या किया?

(ग) 'निंब' का क्या अर्थ है?

**प्रश्न-3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए :-**

(क) पेड़ पर कौन उछल-कूद कर रहा था?

(ख) नीम का कौन-सा भाग दाँतों के लिए लाभकारी है?

(ग) किस वृक्ष की पत्तियाँ बहुत काम आती हैं?

(घ) किसने किशन के कपड़े को फाड़ा?

**प्रश्न-4 निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया छाँटकर लिखिए :-**

(क) अध्यापिका जी बच्चों को पढ़ा रही हैं|

(ख) राधा गीत गा रही है|

**प्रश्न-5 निम्नलिखित क्रिया शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

(क) सोना -

(ख) पढ़ना -

**प्रश्न-6 निम्नलिखित शब्दों के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :-**

(क) आकाश - (ग) चाँद

(ख) पेड़ (घ) पानी

**प्रश्न-7** विलोम शब्द लिखिए :-

(क) सरल

(ख) भारी

(ग) कम

**प्रश्न-8** (क) अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

बात सभी ने यह है मानी

हवा सुबह की बड़ी सुहानी|

सदा ताज़गी देती है यह,

आलस को हर लेती है यह|

यह रोगी न होने देती,

तनिक न सेहत खोने देती|

सुबह सैर पर जाकर देखो,

हवा निराली पाकर देखो,

अगर सैर पर नित जाओगे,

अच्छी सेहत तुम पाओगे||

(क) इस कविता में किसका गुणगान किया गया है?

(ख) सुबह की हवा कैसी होती है?

(ग) सुबह की हवा हमें क्या देती है?

(घ) नित सैर पर जाने से हम क्या पाएँगे?

(ड) निरोगी शब्द का विलोम लिखिए :-

निरोगी ×

## QUESTION BANK (TERM – 2)

### खंड-क

**प्रश्न-1 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :-**

(क) ढेर

(ख) उपकार

(ग) प्रयोग

(घ) जमींदार

(ङ) मेहनत

(च) पर्यटन

(छ) प्रण

(ज) निष्कर्ष

(झ) दुश्मन

(ञ) दुख

**प्रश्न-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) सर्दी में सबकी हालत कैसी हो जाती है?

(ख) नीम वायु को कैसे शुद्ध बनाता है?

(ग) नीम के फल को क्या कहते हैं?

(घ) किशन ने अंत में शेर के साथ क्या किया?

(ङ) किशन ने अपने पिता से माफी क्यों माँगी?

(च) हमें किसके बिना भी बढ़ते रहना चाहिए?

(छ) एडीसन का पूरा नाम क्या था?

(ज) एडीसन ने किन चीज़ों की खोज की?

(झ) सबसे बड़ा सुख किसे बताया है?

(ञ) हमें किससे घबराना नहीं चाहिए?

**प्रश्न-3** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए :-**

(क) सर्दी में किसकी ज़र्दी जम जाती है?

(ख) मच्छर कौन सी बीमारी फैलाते हैं?

(ग) किशन किस प्रकार के कार्य करना चाहता था?

(घ) हमें किसको देखकर नहीं रुकना चाहिए?

(ड) थॉमस एडीसन कहाँ का रहने वाला था?

(च) एडीसन ने अख़बार बेचना कब शुरू किया ?

(छ) हमें कैसा भोजन करना चाहिए?

(ज) मनुष्य के लिए सबसे बड़ा वरदान क्या है?

(झ) हमें मन में क्या नहीं लाना चाहिए?

(झ) हमें किसके काम आना चाहिए?

**प्रश्न-4** **निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

(क) ढेर

(ख) अवश्य

(ग) कमाल

(घ) आविष्कार

(ड) प्रतिदिन

(च) रूचि

(छ) पौष्टिक

(ज) स्वादिष्ट

(झ) शान

**प्रश्न-5** **पठित कविता की पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

ठीक समय पर तुम उठ जाओ,
ठीक समय पर पढ़ने जाओ|
लो मेरा यह कहना मान,

सदा समय का रखना ध्यान|

बत्ती लाल हुई रुक जा,

वाहन में झट ब्रेक लगाओ|

भैया मानो इतना कहना,

हरी जलेगी तब तुम चलना|

(क) हमें ठीक समय पर क्या-क्या काम करना चाहिए?

(ख) हमें सदा किसका ध्यान रखना चाहिए?

(ग) लाल बत्ती होने पर क्या करना चाहिए?

(घ) कौन-सी बत्ती जलने पर चलना चाहिए?

(ङ) पद्यांश में से कोई एक क्रिया शब्द ढूँढकर लिखिए|

**प्रश्न-6 पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

किसी ने सही कहा है- "सबसे बड़ा सुख निरोगी काया है|" हमारे पास चाहे कितना ही पैसा हो लेकिन शरीर अस्वस्थ हो तो सब व्यर्थ है| अस्वस्थ व्यक्ति का स्वभावचिड़चिड़ा हो जाता है| किसी भी कार्य में आनंद नहीं आता, न खेलने-कूदने में और न पढ़ने-लिखने में| शरीर स्वस्थ हो तो मन भी स्वस्थ और प्रसन्न रहता है| अब प्रश्न उठता है कि हम स्वस्थ कैसे रहें?

(क) सबसे बड़ा सुख क्या है?

(ख) सब व्यर्थ कब हो जाता है?

(ग) अस्वस्थ व्यक्ति का स्वभावकैसा हो जाता है?

(घ) मन प्रसन्न कब रहता है?

(ङ) "देह" शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए|

**प्रश्न-7 सही शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए:-**

**( कीड़ा, मक्खियों, निबौली, पारंगत, आविष्कार, सीख, मच्छरों, एडीसन, कमजोर )**

(क) मेरे प्रयोग से अनाज में ........................ नहीं लगता|

(ख) .................. भी बहुत काम की चीज़ है|

(ग) वह सभी प्रकार की युद्ध विद्याओं में ......................... था|

(घ) उसे अपने पिता की दी हुई .......................... याद आ गई|

(ङ) ग्रामोफ़ोन का आविष्कार भी ......................... ने किया|

(च) वह एक के बाद एक .......................... करता चला गया|

(छ) बहुत अधिक टी.वी. देखने से भी आँखें ...................... हो जाती हैं|

(ज) गंदगी .................... और ....................को आकर्षित करती है|

<u>**खंड-ख**</u>

**प्रश्न-8 सही शब्द से वाक्य पूर्ति कीजिए:-**

(क) उन शब्दों को जिनसे किसी काम के होने या करने का पता चले उसे ________ कहते हैं|

(ख) 'बच्चे क्रिकेट मैच देख रहे हैं|' उसमें क्रिया शब्द __________ है|

(ग) वायु के दो पर्यायवाची शब्द हैं - _____________, _____________

(घ) लिंग के ______________ भेद होते हैं|

(ङ) एक जैसे अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को _______________ शब्द कहते हैं|

**प्रश्न-9 नीचे दिए वाक्यों में से क्रिया छाँटकर लिखिए :-**

(क) बच्चे कंप्यूटर पर गेम खेल रहे हैं|

(ख) करिश्मा पूजा के लिए फूल तोड़ रही है|

(ग) माता जी मन्दिर गई हैं|

**प्रश्न-10 नीचे लिखे वाक्यों में लिंग परिवर्तन कर वाक्य दोबारा लिखिए -:**

(क) भैंस घास चर रही है|

(ख) युवक पुस्तक पढ़ रहा है|

(ग) चाचा जी कल आएँगे|

(घ) कवि कविता सुन रहा है|

(ङ) नौकर काम कर रहा है|

**प्रश्न-11** **नीचे लिखे शब्दों में से एकवचन और बहुवचन शब्द छाँटकर लिखिए -:**

**( गुब्बारा, पंखा, कमीजें, लड़की, कपड़े, संतरे )**

(क) एकवचन -

(ख) बहुवचन -

**प्रश्न-12** **सही शब्द लिखकर खाली स्थान भरिए :-**

(क) उसके पास पाँच ____________ हैं | (रुपया, रुपये)

(ख) उसका .......................नया है | (कुरता, कुरते)

(ग) सुमन ने दो ..................खरीदीं | (गुड़िया, गुड़ियाँ)

(घ) कार्तिकेय के पास कई ...........हैं | (खिलौना, खिलौने)

**प्रश्न-13** **नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :-**

(क) पक्षी

(ख) आँख

(ग) आग

(घ) चंद्रमा

(ङ) बादल

**प्रश्न-14** **विलोम शब्द लिखिए :-**

(क) ज्ञानी

(ख) धनी

(ग) शत्रु

(घ) सर्दी

(ङ) पहला

(च) अंदर

**प्रश्न-15 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :-**

(क) जो काम से जी चुराए

(ख) जिसका मूल्य न आँका जा सके

(ग) जो कविताएँ लिखता हो

(घ) जो बोल न सकता हो

(ङ) जिसमें कम बल हो

(च) जो पढ़ा-लिखा न हो

**प्रश्न-16 नीचे दिए शब्दों की वर्तनी शुद्‌ध करके फिर से लिखिए :-**

(क) परंतू

(ख) बिमारी

(ग) भूक

(घ) नराज

(ङ) क्योंकी

(च) पवीत्र

**प्रश्न-17 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए :-**

(क) सोमवार के बाद कौन-सा दिन आता है?

(ख) रविवार से पहले कौन-सा दिन आता है?

(ग) बृहस्पतिवार का दूसरा नाम क्या है?

(घ) सप्ताह में कितने दिन होते हैं?

(ड) हमारे विद्यालय की वार्षिक परीक्षाएँ कौन-से महीने में होती हैं?


## खंड-ग

**प्रश्न-18 किसी एक विषय पर 40 से 45 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :-**

(क) मेरा विद्यालय

(ख) वर्षा ऋतु

**प्रश्न-19 चित्र को देखकर 40 से 45 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए|**



**प्रश्न-20 कक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र या सहेली को बधाई पत्र लिखिए|**

## खंड-घ

**प्रश्न-21 अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

एक कौए ने मोर के पंख लगा लिए और अपने को मोर समझकर मोरों की एक टोली में जा घुसा| उसे देखकर मोरों की टोली ने उसे फौरन पहचान लिया|फिर क्या दूसरे ही पल! सारे मोर उस पर झपट पड़े| चोंच मारकर उसे अपनी टोली से दूर भगा दिया| रोता हुआ कौआ अपने घर

में वापस लौट आया| उसके अपने दोस्त भी उसकी इस हरकत से नाराज हो गए थे| वे भी उस पर टूट पड़े| सारे कौओं ने मिलकर उसके पंख नोंच डाले|नकल को अक्ल कहाँ |

(क) कौए ने किसके पंख लगा लिए थे?

(ख) कौआ किसकी टोली में जा घुसा?

(ग) मोरों ने कौए को अपनी टोली से कैसे भगा दिया?

(घ) रोता हुआ कौआ कहाँ लौट आया?

(ड) कौए के दोस्त नाराज क्यों हो गए थे?

(च) गद्यांश में से कोई एक संज्ञा शब्द ढूँढकर लिखिए|

**प्रश्न-22 अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

मन करता है सूरज बनकर
आसमान में दौड़ लगाऊँ।
मन करता है चंदा बनकर
सब तारों पर अकड़ दिखाऊँ।
मन करता है बाबा बनकर
घर में सब पर धौंस जमाऊँ।

(क) बच्चा क्या बनकर आसमान में दौड़ लगाना चाहता है?

(ख) बच्चा चंदा बनकर क्या करना चाहता है?

(ग) बच्चा क्या बनकर धौंस जमाना चाहता है?

(घ) ‘गगन’ व ‘रवि’ का समानार्थी शब्द ढूंढकर लिखिए|